# दर्शन की तेरे मुझको आस | By Mukesh Bagda |

दर्शन की तेरे मुझे आस
माँ पूरी कर देना
टूटे ना मेरा विश्वास
तू मुझे वर देना
हो माँ मुझे वर देना
तू अपने दर्शन देना
आउंगा तेरे दरबार
तू झोली भर देना

तेरे ही नाम का
माँ हूँ दीवाना
धन दौलत ना
चाहूँ खजाना
कृपा की अपनी नज़र
तू मुझपे कर देना
हो माँ मुझे वर देना
तू अपने दर्शन देना
टूटे ना मेरा विश्वास
तू मुझे वर देना
दर्शन की तेरे मुझे आस
माँ पूरी कर देना

छोड़ूँगा झूठा
मैं ये ज़माना
तेरे चरण
अब मेरा ठिकाना
अपनी दया के मइया हाथ
तू मुझपे रख देना
माँ मुझे वर देना
तू अपने दर्शन देना
टूटे ना मेरा विश्वास
तू मुझे वर देना
दर्शन की तेरे मुझे आस
माँ पूरी कर देना

कैसे माँ दिल
तुझे दिखाऊँ
तेरी ही सूरत
मन में बसाऊँ
अपने अंचल की मुझपे मात
तू छाया कर देना
माँ मुझे वर देना
तू अपने दर्शन देना
टूटे ना मेरा विश्वास
तू मुझे वर देना
दर्शन की तेरे मुझे आस
माँ पूरी कर देना

अम्बे जो दर्शन
कर लूँ तेरे
जीवन से हो
दूर अंधेरे
मेरे भी जीवन में
तू खुशियाँ भर देना
माँ मुझे वर देना
तू अपने दर्शन देना
टूटे ना मेरा विश्वास
तू मुझे वर देना
दर्शन की तेरे मुझे आस
माँ पूरी कर देना

दर्शन की तेरे मुझे आस
माँ पूरी कर देना
दर्शन की तेरे मुझे आस
माँ पूरी कर देना
दर्शन की तेरे मुझे आस
माँ पूरी कर देना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%8b-%e0%a4%86%e0%a4%b8-by-mukesh-bagda/